Maitreyi College successfully hosted flagship internship and job fair, Envision

New Delhi

The Horizon Placement Cell of Maitreyi College, University of Delhi, successfully hosted its flagship internship and job fair, Envision 2025. This grand event witnessed the participation of 400+ students and 80+ HR representatives, making it a dynamic platform for career growth and industry exposure.

The fair attracted 70+ leading companies, including Bajaj Capital and Tech Mahindra, offering diverse opportunities across finance, consulting, IT, data analytics, marketing, and sales. A major highlight was D.E. Shaw, which extended the highest placement package of ₹24 LPA, creating a wave of excitement among students.

The event commenced with a traditional lamp-lighting ceremony, graced by Vice-Principal Prof. Pinkey Bajaj Gandhi, and Placement Cell committee members. Convener Mr. Ginmunlal Khongsai welcomed industry leaders and students, emphasizing the importance of bridging the gap between academia and corporate success.

Prof. Gandhi highlighted Maitreyi's dedication to academic and professional excellence, while emphasizing the institution's remarkable growth in serving the industry by providing the talent pool not only from maitreyi but from other colleges in Delhi.

With innovation, ambition, and career aspirations filling the air, Envision 2025 emerged as a transformative experience—equipping students with industry insights, skill-building workshops, and top-tier job opportunities. The event reinforced Maitreyi College's commitment to shaping future-ready professionals and setting new benchmarks in placement excellence.

मैत्रेयी कॉलेज प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित एनविजन 2025 एक ऐतिहासिक सफलता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल होराइजन ने अपने वार्षिक इंटर्नशिप और जॉब फेयर एनविजन 2025 का भव्य आयोजन किया, जिसमें 400+ छात्रों और 80+ एचआर प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। यह आयोजन एनएसबी सेमिनार हॉल में हाइब्रिड मोड में हुआ, जहां ऑन-कैंपस और वर्चुअल दोनों माध्यमों से छात्रों को देशभर की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ संवाद करने का अवसर मिला। इस वर्ष एनविजन 2025 में बजाज कैपिटल, टेक महिंद्रा सहित 70+ प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने छात्रों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर के असाधारण अवसर प्रस्तुत किए। खासतौर पर, वैश्विक वित्तीय दिग्गज डी .ई . शाव ने ₹24 एलपीए का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज प्रदान किया, जो इस वर्ष का एक प्रमुख आकर्षण रहा। प्लेसमेंट सेल का यह आयोजन छात्रों को उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने, भर्ती प्रक्रिया को सुगम बनाने और उन्हें प्रासंगिक कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार विभिन्न क्षेत्रों में फाइनेंस, कंसल्टिंग, डेटा एनालिटिक्स, आईटी, ग्राफिक डिजाइनिंग, सेल्स और मार्केटिंग जैसी प्रोफाइल्स के लिए अवसर उपलब्ध कराए गए। पूरे मैत्रेयी कॉलेज का कैंपस इस आयोजन के दौरान ऊर्जा, नवाचार और करियर संभावनाओं से सराबोर नजर आया। 400 से अधिक छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के साथ प्रत्यक्ष बातचीत की। एनविजन 2025 ने छात्रों को विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे जुड़ने, अपनी स्किल्स प्रदर्शित करने और प्लेसमेंट व इंटर्नशिप के बेहतरीन अवसरों को पाने का मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैत्रेयी कॉलेज की उप प्राचार्या प्रो. पिंकी गाँधी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस समारोह में प्लेसमेंट सेल की अध्यक्षा श्रेया गुप्ता और संयोजक गिनमुनलाल खोंगसाई ने सभी गणमान्य अतिथियों, कंपनियों और छात्रों का हार्दिक स्वागत किया। उप प्राचार्या प्रो. पिंकी बजाज गाँधी ने कॉलेज की शैक्षणिक और व्यावसायिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लमैत्रेयी कॉलेज हमेशा अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए तत्पर रहा है। हमारा उद्देश्य न केवल छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा देना है, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार करना भी है। इस वर्ष एनविजन 2025 ने न केवल प्लेसमेंट और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए, बल्कि छात्रों को उनके करियर को दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान और मार्गदर्शन भी दिया। विभिन्न मॉक इंटरव्यू, करियर काउंसलिंग सेशंस और वर्कशॉप्स के माध्यम से छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया।